राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

विश्वविद्यालयों को स्मार्ट बनाने के लिए राज्यपाल करेंगे कुलपतियों से ppk

d|yifr leUo; lfefr dh cBd 4 uoEcj dk

जयपुर, 11 अक्टूबर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र की अध्यक्षता में 4 नवम्बर को राजभवन में राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण की समन्वय समिति की बैठक होगी।

विश्वविद्यालयों को स्मार्ट बनाने के लिए तय किये 16 बिंदु –

राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र बैठक में विश्वविद्यालयों को स्मार्ट बनाने के लिए कुलपतियों से चर्चा करेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र ने विश्वविद्यालयों को स्मार्ट बनाने के लिए आवश्यक सोलह बिंदु तय किये है। विश्वविद्यालयों को स्मार्ट बनाने के लिए तय किये गये मापदण्डों पर विश्वविद्यालयों द्वारा किये जा रहे कार्यों पर कुलाधिपति श्री मिश्र कुलपतियों से विस्तार से चर्चा करेंगे।

कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र द्वारा तय किये गए मापदण्डों में विश्वविद्यालयों को गैर परम्परागत ऊर्जा स्रोतों का अधिकतम उपयोग, हरा–भरा प्लास्टिक मुक्त परिसर, स्मार्ट क्लासरूम, विश्वविद्यालय परिसर में सी.सी.टी.वी. कैमरों की स्थापना, निःशुल्क वाई–फाई एनेबल्ड कैम्पस, कचरा संग्रहण व निस्तारण व्यवस्था, जल संग्रहण एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, ई–लाइब्रेरी, साहित्यक चोरी को रोकने बावत एन्टी प्लेजिरियम सॉफ्टवेयर की स्थापना, दिव्यांगजन हेतु उचित व्यवस्थाएं, स्मार्ट सांइस लैब, डिजिटल प्रशासनिक प्रक्रियाएं, ऑनलाइन सम्बद्वता, एकीकृत विद्यार्थी पहचान पत्र व्यवस्था, विश्वविद्यालय शिकायत निवारण पोर्टल और राज्य सरकार के एकीकृत हायर एज्यूकेशन पोर्टल से लिंक किया जाना शामिल है।

सत्रह बिंदुओ पर होगी चर्चा – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र कुलपति समन्वय समिति बैठक में 17 बिंदुओं पर कुलपतियों से चर्चा करेंगे। इन सत्रह बिंदुओं में शैक्षणिक व अशैक्षणिक संवर्ग के रिक्त पदों की स्थिति व भर्ती की कार्य योजना, वित्तीय स्थिति की समीक्षा व सुधार हेतु उपाय, विश्वविद्यालयों के अधिनियमों में एकरूपता के लिए अम्ब्रेला एक्ट की आवश्यकता, अनुसंधान की गुणवक्ता सुधारने के लिए उपाय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रति वर्ष कराई जाने वाली राष्ट्रीय संस्थागत रैकिंग फ्रेमवर्क में प्रतिभागिता, कौशल विकास व स्टूडेंट स्टार्टअप पॉलिसी, विश्वविद्यालयों के लेखों की वर्तमान आंतरिक जांच व्यवस्था के स्थान पर स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग द्वारा नियमित आंतरिक जांच, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में समान शुल्क संरचना, सम्बंद्ध महाविद्यालयों में बन्दोबस्ती निधि की समीक्षा और विश्वविद्यालयों के नियम व परिनियमों में संशोधन की समान व्यवस्था शामिल है।

राज्यपाल व कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में प्रदेश के सभी राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण शामिल होंगे।

राज्यपाल से प्रतिनिधिमंडल मिले

जयपुर, 11 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को यहां राजभवन में विभिन्न क्षेत्र के प्रतिनिधियों और लोगों ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से श्री नरेश जोशी के नेतृत्व में फिक्की ग्रुप और श्री नितिन गुप्ता के नेतृत्व में कॉन्फेडरेशन ऑफ इण्डियन इन्ड्रस्टीज के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। राज्यपाल से पुष्कर के विधायक श्री सुरेश सिंह रावत, पूर्व मंत्री श्री नाथू सिंह गुर्जर सहित अनेक गणमान्य लोगों ने मुलाकात की।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान